ક. રા. બી. નિ. E.S.I.C

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 કવાટર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर
क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा

रिपोर्ट दिनांक: 03/03/2025

प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप कैंप / हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन :

दिनांक 03/03/2025 को क. रा. बी. निगम अस्पताल के 75वें स्थापना दिवस के विशेष सेवा पखवाड़ा के अवसर पर डॉ. अर्केश शाह, चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में अंकलेश्वर रिसर्च एंड एनालिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप कैंप / हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर के अस्पताल प्रबंधक श्री सुरेश वेलारी ने कर्मचारियों को 75 वर्षों से स्थापित क. रा. बी. निगम_के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान में ईएसआईसी अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने बीमित कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए उपलब्ध विभिन्न ईएसआईसी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

डीसीबीओ अंकलेश्वर के शाखा प्रबंधक श्री हनुमान प्रसाद जी ने भी कर्मचारियों को ईएसआईसी के अंतर्गत मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया, जिनमें चिकित्सा सुविधाएँ, नकद लाभ और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएँ शामिल हैं।

अंकलेश्वर इंडस्ट्री एसोसिएशन के चेयरमैन प्रभोधभाई तथा सेफ्टी कंपनी से कमलेशभाई उदानी ने कार्यस्थल और सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों को उद्योगों में काम करते समय तथा वाहन चलाते समय सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में मार्गदर्शन दिया और दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए।

डॉ. अर्केश शाह ने आपातकालीन परिस्थितियों में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) के महत्व के बारे में समझाया। वहीं डॉ. वीरेश प्रजापति ने लाइव डेमो के माध्यम से कर्मचारियों को सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जिससे कर्मचारियों को जीवनरक्षक तकनीकों की बेहतर समझ मिली।

स्थापना दिवस
ANKLESHWAR RESEARCH AND ANALYTICAL INFRASTRUCTURE ASSOCIATION
NATIONAL SAFETY WEEK
4th March
CELEBRATION

स्थापना दिवस
ANKLESHWAR RESEARCH AND ANALYTICAL INFRASTRUCTURE ASSOCIATION
NATIONAL SAFETY WEEK
4th March
CELEBRATION
ON 3rd March, 2026

NATIONAL SAFETY WEEK

कार्यक्रम के दौरान ईएसआईसी टीम द्वारा एक हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें 25 कर्मचारियों ने स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया।

यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इसके माध्यम से कर्मचारियों के बीच ईएसआईसी सेवाओं, कर्मचारी सुरक्षा तथा आपातकालीन तैयारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।